# class 8 english book solution | HARVESTING RAIN

**HARVESTING RAIN**
( वर्षा जल को जमा रखना )
HINDI TRANSLATION OF THE CHAPTER
**SabDekho.in**

**Have you ever .......thrilling experience . ( Page – 156 )**

Wrod meaning : Ever ( adv ) [ एवर ] – कभी I Showers ( n ) [ शावस ] = बारिश I Shortage ( n ) [ शॉर्टेज ] = कमी I Thrilling ( adj ) [ थ्रिलिंग ] = रोमांचक I Experience ( n ) [ एक्सपीरिएन्स ] = अनुभव I

**हिन्दी अनुवाद** – क्या कभी तुमने बरसात के पानी को जमा किया है । मेरा परिवार तो ऐसा करता था । हम बारिश के पानी को जमा करते थे और उसको उपयोग में लाते थे । पानी की हमें गर्मियों में काफी कमी होती थी तो जून महीने की बारिश में बरसात के पानी को हम जमा किया करते थे ।

**My adventure with ...... rain water harvesting .**

Word meaning : Adventure ( n ) [ एडवेंचर ] = रोमांच , साहसिक कारनामा / कार्य I Method ( m ) [ मेथड ] = तरीका | Domestic ( adj ) [ डोमेस्टिक ] = घरेलू I Archipelago ( n ) [ आर्किपेलेगो ] = टापुओं का समूह | Unpredictable ( adj ) [ अनप्रिडिक्टेबल ] = जिसके बारे में कुछ , कहना या भविष्यवाणी करना संभव न हो I Fresh ( adj ) [ फ्रेश ] = ताजा I

**अर्थ** – वर्षा के जल के साथ मेरा रोमांच चलता रहा । मालदीव में अध्यापन के दौरान मैंने वर्षा जल – स होते हुए देखा । क्या है यह वर्षा जल संग्रह ? यह असल में एक तरीका है वर्षा – जल को घरेलू कार्यों के लिए संग्रह किये जाने का । मालदीव दक्षिणी एशिया में स्थित है । यह टापुओं का समूह है । यहाँ 1,190 टापू हैं । इन टापुओं में वर्षा आती है उत्तर – पूर्वी मानसून और दक्षिण – पश्चिमी मानसून से । वर्षा यहाँ कभी – कभार ही होती है जिसके ताजा जल की यहाँ काफी किल्लत है । जमीन का जो पानी होता है , वह पीने के योग्य नहीं होता है । यहाँ के लोगों को वर्षा के जल का संग्रह करना सिखाया जाता है!

**Each newly built ......locking the tap .**

Word meaning : Newly ( adv ) [ न्यूली ) = नया बना हुआ I Slope ( n ) [ स्लोप ] = ढलान | Corrugated ( adj ) [ कॉरूगेटेड ) = नालीदार | Sealed ( adj ) ( सील्ड ] = बंद किया हुआ I Extend ( v ) [ एक्स्टेन्ड ] = विस्तार करना I

**अर्थ** — प्रत्येक नया बना घर ढलान वाली छल के साथ बनता है जिसमें लोहे की नालियाँ नीचे को जाती हैं । इनका उपयोग नीचे पानी जमा करने के लिए होता है । नीचे जमीन पर सीमेट की टंकी बनी होती है जिसमें छत से नीचे आती लोहे की पाइपें जुड़ी होती हैं । इन नालियों से वर्षा का जल छत से होते टंकी में आता है जहाँ बरसात का पानी जमा किया जाता है । टंकी के बाहर में नल लगा होता है जिसमें ताला लगाने की भी व्यवस्था की जाती है ।

**Once the tank pleasant to drink .**


https://www.evidyarthi.in/

Word meaning : Ran dry ( phr ) [ रैन ड्राई ) = सूख गया । Plenty ( adj ) [ प्लेन्टी ] = बहुतायत , अत्यधिक । Extremely ( adv ) [ एक्स्ट्रीमली ] = बहुत ज्यादा , अधिकता से । Downpour ( m ) [ डाउनपोर ] = बारिश । Delighted ( adj ) [ डिलाइटेड ] = प्रसन्न । Encour age ( v ) [ एनकरेज ] = प्रोत्साहित करना । Level ( n ) [ लेवेल ] = स्तर । Abundant ( adj ) [ एबन्डन्ट = प्रचुर ।

**अर्थ** – एक बार , मैं जिस घर में रहता था वहाँ टंकी में पानी खत्म हो गया । पर , मुझे परेशनी नहीं हुई । स्कूल के टंकी में बहुत पानी था । दरअसल , स्कूल की छत काफी बड़ी होने से वहाँ बहुत बड़ी टंकी थी और पानी भी उसमें काफी था । लंबे समय के बीत जाने के बाद खूब बारिश हुई थी एक रात । मैं काफी खुश था क्योंकि अच्छी बारिश का मतलब था कि मेरे घर की टंकी पानी से भर रही थी । लेकिन यह क्या ! सुबह देखा तो टंकी खाली थी । दरअसल , यहाँ पहली बारिश के पानी को बहा दिया जाता है ताकि छत से लेकर टंकी तक खूब अच्छी तरह से साफ हो सके । सारी दुनिया में लोग अब वर्षा – जल – संग्रह करना सीख रहे हैं । पर , अब भी हमारे देश में बहुत पानी बर्बाद हो रहा है । इस प्रक्रिया को उपयोग में लाना , हमारे देश में स्कूलों के स्तर पर ही सिखाया जाना चाहिए ताकि हमारे देशवासी भी वर्षा के जल को संग्रह करें और पानी का दुरुपयोग होने से बचा सकें । हमें बारिश के पानी की सख्त जरूरत है क्योंकि यह काफी मात्रा में होता है , सुरक्षित भी होता है पीने के लिए और पीने में अच्छा भी लगता है ।

**Summary :**

All over the world , there is shortage of drinking water . People should learn Rain water harvesting . So tht , water is not wasted and we get rain – water stored for our domestic purposes in times of scarcity of water . Rain water is abundant , safe and very sweet and pleasant to drink , we must learn how to save rain water . The following lesson teaches us very well , the process of rain water harvesting .

**सारांश –**

सारी दुनिया में पीने के पानी की बेहद कमी है । लोगों को वर्षा – जल संग्रह की प्रक्रिया सीखनी चाहिए । यह वक्त की जरूरत है और वर्तमान के जल – संकट के दौर में बेहद जरूरी भी है । इस प्रक्रिया को सीखने से वर्षा जल जो काफी मात्रा में बर्बाद हो रहा है यह बर्बादी एक जायेगी और जब जल की कमी होगी , तो जमा किया हुआ जल हमारे पीने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए उपयोग में आएगा । वर्षा – जल प्रचुर होता है , यह पीने में बेहद सुरक्षित होता है , साफ और मीठा होता है । प्रस्तुत पाठ हमें रोचक ढंग से और काफी सरलता से वर्षा – जल – संग्रह की प्रक्रिया को समझाता है जिसका हमें अनुकरण करना चाहिए ।


https://www.evidyarthi.in/